दैनिक जागरण 20/12/2023

पोस्टर मेकिंग में किरण अव्वल, यौन उत्पीड़न के प्रति किया जागरूक



जीएमएन कालेज में पोस्टर मेकिंग में भाग लेने वाले विद्यार्थी • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की आइसीसी कमेटी द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न जागरूकता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। पोस्टर के माध्यम से छात्राओं द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय को उजागर किया गया। लगभग 45 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्राओं को विषय की संवेदनशीलता और चर्चा की आवश्यकता के बारे में बताया और छात्राओं से भारतीय संविधान द्वारा उन्हें दिए गए अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूक होने का आग्रह किया। इस प्रतियोगिता की संयोजक प्राध्यापक कमलेश कुमारी द्वारा भी छात्राओं को जागरूक किया गया। डा. अमिता ने छात्राओं को इस प्रकार के आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के परिणाम कुछ इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा किरण, द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्षीय राजनीतिक विज्ञान आनर्स की छात्रा राधिका, तृतीय स्थान पर पलक बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा रही। इस अवसर पर छात्राओं के साथ डा. मीना, डा. ज्योति और प्राध्यापिका महक उपस्थित रहे।